NAYA INDIA N.D 9/3/19

टायरों की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए 2,000 करोड़ निवेश करेगी बालकृष्णा इंडस्ट्रीज

पेरिस, भाषा। ट्रेक्टर, ट्रेलर एवं भारी निर्माण मशीनों आदि के लिये टायर बनाने वाली भारतीय कंपनी बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड देश-विदेश के बाजारों में अपने टायरों की बढ़ती मांग को देखते हुए 2,000 करोड़ रुपये की विस्तार योजना पर काम कर रही है। इसमें कंपनी के गुजरात स्थित भुज कारखाना परिसर में कार्बन ब्लेक के उत्पादन का एक अत्याधुनिक कारखाना शुरू करना भी शामिल है। कंपनी बीकेटी ब्रांड नाम से 'आफ-रोड' टायरों का कारोबार करती है। कंपनी अपने उत्पादन का बड़ा हिस्सा मुख्यतः यूरोप, अमेरिका तथा आस्ट्रेलिया के बाजारों में निर्यात करती है। भारत में महाराष्ट्र के औरंगाबाद और डोंबीवली, राजस्थान के भिवाड़ी और चोपंकी और गुजरात के भुज में कंपनी के पांच कारखाने हैं। कंपनी के इन कारखानों में बने टायर रेलर ट्रैक्टर, ट्रेलर और खेती के काम आने वाली अन्य मशीनों के अलावा खनन तथा निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली भारी मशीनों (आफ- रोड) में इस्तेमाल होते हैं। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अरविंद पोद्दार ने यहां आयोजित कृषि मशीनरी की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी 'एसआईएमए' के दौरान भारत से आये संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''कंपनी इस समय करीब 2,000 करोड़ रुपये की विस्तार योजनाओं पर काम कर रही है।